बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना– 800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611/2215978
ई–मेल:– **ceo_bihar@eci.gov.in**

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक :– 07.05.2024

- बिहार राज्य के तृतीय चरण अन्तर्गत कुल 5 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों यथा, 7–झंझारपुर, 8–सुपौल, 9–अररिया, 13–मधेपुरा एवं 25–खगड़िया में आज दिनांक 07.05.2024 को मतदान सम्पन्न हुए हैं, जिसमें मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 9,848 तथा मतदान केन्द्र स्थलों की कुल संख्या 5,621 है तथा 60.00 प्रतिशत (06:00 बजे अपराह्न तक अनुमानित) निर्वाचकों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया।
- लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 एवं 2019 में मतदान के प्रतिशत का तुलनात्मक विवरण :

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का संख्या एवं नाम	लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत (06:00 बजे अपराह्न तक अनुमानित)	लोक सभा आम निर्वाचन, 2019 में मतदान प्रतिशत
7–झंझारपुर	55.50	57.24
8–सुपौल	62.40	65.70
9–अररिया	62.80	64.78
13–मधेपुरा	61.00	60.86
25–खगड़िया	58.20	57.68
कुल प्रतिशत	**60.00**	**61.22**

- तृतीय चरण के 5 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में कार्यरत Flying Squad, SST एवं अन्य द्वारा ₹80 लाख नकद जब्त किया गया। इसी प्रकार Flying Squad, SST, उत्पाद विभाग तथा पुलिस द्वारा कुल 1,40,565 लीटर शराब जब्त किया गया है जिसका मूल्य लगभग ₹3.75 करोड़ है।
- तृतीय चरण के निर्वाचन में Reserve सहित कुल 12,225 कंट्रोल यूनिट, 12,179 बैलेट यूनिट तथा 13,323 VVPAT का उपयोग हुआ है, जिसमें 57 कंट्रोल यूनिट, 40 बैलेट यूनिट तथा 71 VVPAT मॉक पोल के दौरान बदले गये हैं। 18 कंट्रोल यूनिट, 18 बैलेट यूनिट तथा 96 VVPAT मॉक पोल के पश्चात बदले गये हैं।
- तृतीय चरण के निर्वाचन में किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु 1 एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की गयी।
- सामान्य प्रेक्षकों की संख्या – 5
- अभ्यर्थी व्यय अनुश्रवण हेतु प्रेक्षकों की संख्या – 6
- पुलिस प्रेक्षकों की संख्या – 3
- माइक्रो प्रेक्षकों की संख्या – 1,164
- मॉडल मतदान केन्द्रों की संख्या – 45
- पूर्णरूपेण महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केन्द्रों की संख्या – 32

- PwD द्वारा संचालित मतदान केन्द्रों की संख्या – 29
- 5,039 मतदान केन्द्रों से लाईव वेबकास्टिंग किया गया है।
- तृतीय चरण में कुल 54 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं, जिसमें पुरूष अभ्यर्थियों की संख्या 51 है तथा महिला अभ्यर्थियों की संख्या 03 है।
- तृतीय चरण में कुल सामान्य निर्वाचकों की संख्या 98,60,397 है, जिसमें पुरूषों की संख्या 51,29,473 तथा महिलाओं की संख्या 47,30,602 तथा Third Gender की संख्या 322 है।
- तृतीय चरण में सेवा निर्वाचकों की कुल संख्या 14,128 है, जिसमें पुरूषों की संख्या 13,456 तथा महिलाओं की संख्या 672 है।
- अररिया जिला में 211, खगड़िया में 139, मधेपुरा में 82, मधुबनी में 507, सहरसा में 151 एवं सुपौल में 457 अर्थात कुल 1547 ऐसे मतदान केन्द्रों को चिन्हित किया गया, जहाँ अतिरिक्त कमरा अथवा शेड की व्यवस्था नहीं थी। मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गर्मी से बचाव हेतु ऐसे मतदान केन्द्रों पर शामियाना की व्यवस्था की गयी। साथ ही तृतीय चरण के सभी मतदान केन्द्रों पर पीने का पानी, Dedicated Medical Staff, Quick Medical Team with ambulance आदि की व्यवस्था की गयी।
- तृतीय चरण के 13–मधेपुरा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 77–महिषी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र तथा 25–खगड़िया लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 76–सिमरी बख्तियारपुर, 148–अलौली (अ.जा.) एवं 150–बेलदौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में पूर्व में मतदान का समय पूर्वाह्न 07:00 से अपराह्न 04:00 बजे तक निर्धारित था। राजनैतिक दलों एवं अन्य हितधारकों के साथ विमर्श के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी से प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में विद्यमान गर्मी के प्रकोप के दृष्टिगत उपरोक्त वर्णित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के कुल 1274 मतदान केन्द्रों में से मात्र 167 मतदान केन्द्रों को छोड़कर शेष सभी अर्थात कुल 1107 मतदान केन्द्रों पर मतदान का समय पूर्वाह्न 07:00 से अपराह्न 06:00 बजे तक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पुनर्निर्धारित किया गया।
- बिहार राज्य के तृतीय चरण में कुल 9 मतदान केन्द्रों पर विकास के विभिन्न मुद्दों पर मतदान बहिष्कार की सूचना प्राप्त हुई है।

क्र.सं.	लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र	विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र	मतदान केन्द्र संख्या
1	25–खगड़िया	76–सिमरी बख्तियारपुर	9, 10, 11, 12, 13, 57 एवं 58
		150–बेलदौर	182 एवं 183

- आज मतदान के दौरान कुल 39 शिकायत प्राप्त हुए। उक्त सभी शिकायतों का ससमय निष्पादन कर दिया गया।
- आज अररिया जिला अन्तर्गत पलासी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पचैली में निर्वाचन कर्त्तव्य पर तैनात होम गार्ड श्री महेन्द्र साह की हृदय गति रूक जाने के कारण मृत्यु हो गयी, जो अत्यंत ही दुखद है। उनके पर्थिव शरीर को Postmortem के उपरांत उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। अनुग्रह अनुदान के भुगतान की कार्रवाई की जा रही है।
- दूसरी दुखद घटना सुपौल जिला का है, जहाँ 41–निर्मली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र संख्या 158 के पीठासीन पदाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार की हृदय गति रूक जाने के कारण मृत्यु हो गयी। उनके पर्थिव शरीर को Postmortem के उपरांत उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। अनुग्रह अनुदान के भुगतान की कार्रवाई की जा रही है।
- शेष कहीं से अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं है तथा मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ है।

****